जो राम का नहीं किसी काम का नहीं

दुनियाँ में जबाब अयोध्या, धाम का नही
जो राम का नही , किसी काम का नही

1) राजा राम सभी के उनकी , प्रजा है यहाँ सारी
एक दूजे से राम-राम , कहके मिलते नर नारी
राम नाम अनमोल मिले , कही दाम का नही
जो राम का नही , किसी काम का नही.........2

2) धन्य अयोध्या नगरी जिसमें , हुआ राम अवतार
नाच रहे भारत वासी , गया सदियो का इंतजार
सभी मगन है जीकर खास और आम का नही
जो राम का नही , किसी काम का नही.........2

3) खत्म हुआ वनवास प्रभु का , अवध पूरी में आये
सारे जग में मने दीवाली , हर कोई खुशी मनाये
उत्सव में कुछ पता , सुबह और शाम का नही
जो राम का नही , किसी काम का नही.........2

4) वेद पुराण ग्रंथ सारे , राम राम गुण गाते
राम नाम जब मुख से बोले , सब संकट टल जाते
भूलन कुछ भी बने , हाड़ और चाम का नही
जो राम का नही , किसी काम का नही.........2

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/33257/title/Jo-Ram-Ka-Nahi-Kisi-Kaam-Ka-Nahi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |